# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

**विज्ञापन सं. 1ए /2011-12**

**(यह विज्ञापन तथा आवेदन का प्रारूप भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, से प्राप्त किया जा सकता है )**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी ( 1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रुप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

| क्रम सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा.) | अनुसूचित जाति (अजा) | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) | कुल |
| 1 | आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) के लिए मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड 'डी' | 01 | - | - | - | 01 |
| 2 | सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (सूप्रौवि) के लिए डाटा केंद्रों मे मेनफ्रेम संसाधनों के प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक (ग्रेड डी) | 01 | - | - | - | 01 |
| 3 | सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (सूप्रौवि) के लिए नेटवर्क प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक (ग्रेड डी) | 01 | - | - | - | 01 |

- अजा/अजजा वर्गों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है । तथापि वे भी आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे ।
- अपिव वर्ग के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है । तथापि वे भी आवेदन कर सकते हैं परंतु वे किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे ।
- विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है । तथापि वे सामान्य उम्मीदवारों की तरह आवेदन करने के लिए पात्र हैं परंतु वे आयु और आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे ।

**टिप्पणी :** विकलांग उम्मीयदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

**1. आनीअवि के लिए मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड 'डी'**

**(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:** मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष बैंक के पुस्तकालय का अध्यक्ष होगा जो भारत में सबसे बड़ा बैंकिंग व वित्तीय पुस्तकालय तथा सूचना प्रणाली है । यहां एक लाख से भी ज्यादा दस्तावेज जिसमें पुस्तकें, पत्रिकाओं के बैक वाल्यूम, चर्चा पत्रों तथा किए गए कार्यों का विशेष संग्रह तथा इलेक्ट्रानिक संसाधनों का एक महत्त्वपूर्ण संग्रह शामिल है । वह पुस्तकालय/ई-पुस्तकालय की गतिविधियों जैसे पुस्तकों तथा इलेक्ट्रानिक संसाधनों यथा ऑनलाइन पत्रिकाओं तथा डाटाबेस के चयन, संदर्भ सेवाएं तैयार करने, संक्षेपण, दस्तावेजीकरण, ग्रंथसूचीयन तथा पुस्तकालय मैनुअल आदि बनाने के लिए उत्तरदायी होगा । वह एक आधुनिकतम डिजीटल पुस्तकालय अनुभाग विकसित करने के लिए उत्तरदायी होगा । वह पुस्तकालय को दोनों प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक संसाधनों के संबंध में अद्यतन रखने तथा विभिन्न प्रबंधकीय व तकनीकी कार्यों तथा पुस्तकालय सेवा में सूचना एवं संप्रेषण प्रोद्योगिकी को लागू करने के संबंध में सक्षम होना चाहिए । वह पुस्तकालय के निर्बाध रूप से कार्य करने तथा स्टाफ प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा । इसके अतिरिक्त वह बैंक के विभिन्न पुस्तकालयों तथा अन्य संस्थानों/विदेशों के पुस्तकालयों से सहयोग तथा समन्वय स्थापित करने के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

**(ख) पात्रता मानदंड:**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.08.2011 को):**

(i) अनिवार्य: भारत अथवा विदेश में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रतिष्ठित संस्थान से कम से कम 55% अंक सहित अर्थशास्त्र/वाणिज्य/इकोनोमेट्रिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री तथा कम से कम 55% अंक सहित पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री अथवा भारत अथवा विदेश में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रतिष्ठित संस्थान से कम से कम 55% अंक सहित पुस्तकालय विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा पुस्तकालय विज्ञान में पी.एचडी. डिग्री

(ii) वांछनीय: सामाजिक विज्ञान में पीएच.डी. डिग्री अथवा पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में समकक्ष अनुसंधान कार्य, सूचना प्रोद्योगिकी अथवा कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा ।

**(II) अनुभव (दिनांक 01.08.2011 को):** विश्वविद्यालय/अधिमानतः बैंकिंग, अर्थशास्त्र अथवा अन्य सामाजिक विज्ञानों से संबंधित मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान के पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष अथवा उत्तरदायी क्षमता में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव (अनिवार्य अर्हता प्राप्त करने के बाद) तथा पुस्तकालय सेवाओं के कंप्यूटरीकरण तथा बड़े एवं नेटवर्कीकृत पुस्तकालय व सूचना प्रणाली के प्रबंधन का अनुभव ।

**(III) आयु (दिनांक 01.08.2011 को):** आयु 45 वर्ष से अधिक न हो । (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02/08/1966 से पहले का नहीं होना चाहिए )। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्लिखित मद सं. 4 देखें ।

**(ग) चयन योजना:** चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा । यदि आवश्यक हो तो उन पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना है, की संक्षिप्त सूची बनाने के लिए बोर्ड आवेदनों की प्राथमिक स्क्रीनिंग करेगा । अतः केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार स्वतः ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा । साक्षात्कार की तारीख शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को यथासमय बताई जाएगी ।

**2. सूप्रौवि के लिए डाटा केंद्रों मे मेनफ्रेम संसाधनों के प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक ग्रेड 'डी'**

**(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:**

(i) मेनफ्रेम्स पर विशिष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए डाटा केंद्रों का संपूर्ण प्रबंधन ।

(ii) सिस्टम्स के अनुरक्षण संबंधी गतिविधियों का पर्यवेक्षण, कार्यनिष्पादन की मॉनिटरिंग, ट्यूनिंग, एप्लीकेशनों को संसाधनों का आबंटन, अद्यतनीकरण/उन्नयन, पैचेज, बैकअप तथा पुनः प्राप्ति, आकस्मिक दुर्घटना से सही हालत में आने का अभ्यास, कार्यनिष्पादन की मॉनिटरिंग, ट्यूनिंग ।

(iii) एमक्यू श्रृंखला प्रबंधन ।

**(ख) पात्रता मानदंड:**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.08.2011 को) :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी (60% तथा इससे अधिक) सहित एम.ई./एम.टेक (अथवा इसके समकक्ष)

**(II) अनुभव (दिनांक 01.08.2011 को) :** डाटा केंद्रों में, विशेष तौर पर आईबीएम मेनफ्रेम्स तथा एमक्यू श्रृंखला पर; कार्य करने का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम 3 वर्ष प्रोजेक्ट प्रमुख स्तर पर हो । यदि किसी उम्मीदवार को उक्त अनुभव बैंकिंग उद्योग में है तो शैक्षिक अर्हता बी.ई./बी. टेक कंप्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी (60% तथा इससे अधिक) तक शिथिल हैं ।

**(III) आयु (दिनांक 01.08.2011 को) :** आयु 40 वर्ष से अधिक न हो । (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02/08/1971 से पहले का नहीं होना चाहिए )। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नमलिखित मद सं. 4 देखें ।

**(ग) चयन योजना :** चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा । यदि आवश्यक हो तो उन पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना है, की संक्षिप्त सूची बनाने के लिए बोर्ड आवेदनों की प्राथमिक स्क्रीनिंग करेगा । अतः केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार स्वतः ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा । साक्षात्कार की तारीख शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को यथासमय बताई जाएगी ।

**3. सूप्रौवि के लिए नेटवर्क प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक ग्रेड 'डी'**

**(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं:**

(i) पूरे बैंक में लैन तथा वैन संयोजकता तथा भुगतान और निपटान प्रणाली में भाग लेने वाले बैंकों के साथ संयोजकता का संपूर्ण प्रबंधन

(ii) डिजाइनिंग संबंधी गतिविधियों का पर्यवेक्षण, बैंक में सभी स्थानों पर लैन संबंधी उपकरणों का नियोजन तथा कार्यान्वियन, नेटवर्क ट्रॉफिक मॉनिटरिंग, विश्लेषण तथा समाधान

(iii) बैंक के लिए वैन समाधनों की डिजाइन तथा कार्यान्वयन, सेवा प्रदाताओं से संपर्क, नेटवर्क मॉनिटरिंग

(iv) बैंक में विडियोकान्फ्रेंस का प्रबंधन

**(ख) पात्रता मानदंड:**

**(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.08.2011 को) :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स ऍवं संचार में प्रथम श्रेणी (60% तथा इससे अधिक) सहित एम.ई./एम.टेक (अथवा इसके समकक्ष) ।

**(II) अनुभव (दिनांक 01.08.2011 को) :** दोनों लैन तथा वैन नेटवर्कों पर का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम 3 वर्ष प्रोजेक्ट प्रमुख स्तर पर हो । यदि किसी उम्मीदवार को उक्त अनुभव बैंकिंग उद्योग में है तो शैक्षिक अर्हता बी.ई./बी. टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार में प्रथम श्रेणी (60% तथा इससे अधिक) तक शिथिल हैं ।

**(III) आयु (दिनांक 01.08.2011 को) :** आयु 40 वर्ष से अधिक न हो । (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02/08/1971 से पहले का नहीं होना चाहिए )। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नजलिखित मद सं. 4 देखें ।

**(ग) चयन योजना :** चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से होगा । यदि आवश्यक हो तो उन पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना है, की संक्षिप्त सूची बनाने के लिए बोर्ड आवेदनों की प्राथमिक स्क्रीनिंग करेगा । अतः केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार स्वतः ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा । साक्षात्कार की तारीख शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को यथासमय बताई जाएगी ।

**4. ऊपरी आयु सीमा में छूट**

ऊपरी आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी:

(क) अपिव के उम्मीदिवारों के मामले में 3 वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं ।

(ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष : (i) अजा/अजजा उम्मीतदवारों के लिए यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं (ii) बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययिता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा रोजगार केन्द्र के माध्यमम से आवेदन करने वाले, न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी (iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्यी सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों । (iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा । (v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यतः जम्मू और कश्मीरी डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

(ग) विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष ।

**टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्ति मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी ।**

**5. सेवा शर्तें/करिअर-संभावनाएं :**

i) **वेतनमान :** ग्रेड 'डी' अधिकारियों के लिए लागू 39850-1200(2)-42250-1300(3)-46150 (6 वर्ष) रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 39,850/- रुपये प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए पात्र भी होंगे । वर्तमान में ग्रेड 'डी' अधिकारी के लिए न्यूनतम वेतनमान पर कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां 77,990/-(लगभग) रुपये है ।

**टिप्पणी: जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर आनीअवि के लिए मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए चार अग्रिम वेतन वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है ।** बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है । ऐसी जानकारी जीवन-वृत्त फार्म के उचित कॉलम में दी जाए । अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या उपर्युक्तानुसार 4 होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा । सूप्रौवि के लिए डाटा केंद्र मे मेनफ्रेम संसाधनों क़ प्रबंधन तथा नेटवर्क प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक ग्रेड 'डी' के दो पदों के मामले में जिन उम्मीदवारों की अर्हता एम.ई./एम.टेक अथवा इससे अधिक और साथ मे बैंकिंग उद्योग में अपेक्षित अनुभव हो उन्हें बैंक दो अग्रिम वेतन वृद्धियां देने की अनुदान कर सकता है

ii) **अनुलाभ:** पात्रता के अनुसार उपलब्धता के आधार पर बैंक आवास, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ता आदि । पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित निःशुल्क औषधालय की सुविधा । ब्याज मुक्त त्योहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए) । आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम । इस पद से भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं ।

iii) **कंपनी को लागत:** ग्रेड 'डी' के लिए न्यूनतम वेतनमान पर कंपनी को लागत (सीटीसी) 23,70,000/- रुपये प्रतिवर्ष है जिसमें मुंबई में प्रदान की जाने वाली आवासीय सुविधा का बाजार मूल्य 8,50,000/- प्रतिवर्ष शामिल है ।

iv) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है । पट्टे पर आवासीय सुविधा तथापि सभी केंद्रों पर उपलब्ध है ।

v) **परिवीक्षा अवधि:** मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है । सूप्रौवि के लिए डाटा केंद्र प्रबंधन तथा नेटवर्क प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक ग्रेड 'डी' के दो पदों के मामले में प्रारंभिक नियुक्ति छः माह की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम छः माह के लिए बढ़ाई जा सकती है ।

vi) चुने गए उम्मीदवार भारतीय रिज़र्व बैंक पेन्शन विनियमावली, 1990 द्वारा शासित होंगे।

**6. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय):** 100/- रुपये (एक सौ रुपये मात्र) । अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है । शुल्क का भुगतान केवल मुंबई में देय तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट से किया जाए । तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर, मुंबई में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं । उम्मीदवार अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन के साथ पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें । उचित आवेदन के साथ नहीं भेजे गये गए शुल्क अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा । एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा ।

**7. सामान्य नियम/अनुदेश :**

i) आवेदन का प्रारूप (**ऑफ-लाइन** तरीके के लिए) इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है । ऑफ-लाइन तरीके से आवेदन करने वाले उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप के अनुरूप ही आवेदन करें ।

Contd. to next page....

Contd. from previous page...

ii) जिन आवेदनों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन अपूर्ण/अपाठ्य/निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे, फोटो बिना होंगे, हस्ताक्षर बिना होंगे उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

iii) **उम्मीदवार अपने आवेदन के साथ संगत प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों (आयु, जाति, शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव के समर्थन में) की प्रतियां संलग्न करें।** आवेदन में दी गई जानकारी तथा इसके साथ भेजी गई प्रमाणपत्रों की प्रतियों के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा। किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

iv) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों। यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें।

v) उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं।

vi) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध–सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा–मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आवेदन नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो। ऐसे मामलों में, 'अग्रिम प्रति' लिखकर आवेदन शुल्क के साथ बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए।

vii) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए। यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति की तिथि तथा साक्षात्कार की तिथि में बहुत कम अंतर हो।

viii) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

ix) साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी भाड़े अथवा II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

x) भारतीय रिज़र्व बैंक के कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार) जो इस विज्ञापन में निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं तथा अनुभव संबंधी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथापि स्टाफ उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट प्राप्त है।

xi) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।

xii) पात्रता, साक्षात्कारों के आयोजन, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

xiii) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

xiv) यदि उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए पात्र है और एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अपेक्षित शुल्क के साथ प्रत्येक पद के लिए अलग अलग आवेदन करना चाहिए। एक से अधिक पदों के लिए एक आवेदन अवैध माना जाएगा और अस्वीकृत किया जाएगा।

**8. आवेदन प्रस्तुत करना:** उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए निर्धारित आवेदन **(ऑफ–लाइन)** अथवा **ऑन–लाइन** तरीके से आवेदन कर सकते है। **ऑनलाइन आवेदन करने के बाद इसका प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बोर्ड कार्यालय में भेजें।**

i) **ऑन–लाइन:** उम्मीदवार **http://onlinedr.rbi.org.in** लिंक/यूआरएल का प्रयोग करके **ऑन–लाइन** आवेदन कर सकते हैं। **ऑन–लाइन** आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश इस लिंक पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही **'Apply'** लिंक पर क्लिक करें।

**ऑन–लाइन** आवेदन प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

क) ऑन–लाइन आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को 100/–रुपए का मांग ड्राफ्ट अथवा भारतीय पोस्टल आर्डर अवश्य खरीद लेना चाहिए (अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों को छोड़कर जिन्हें शुल्क के भुगतान में छूट प्राप्त है)।

ख) शुल्क से छूट प्राप्त वर्ग के उम्मीदवार सीधे **ऑन–लाइन** आवेदन भर सकते हैं।

ग) **उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे सिस्टम के माध्यम से आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) निकाल लें। इस प्रिंटआउट में विनिर्दिष्ट जगह पर हस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं (स्टेपल न करें), हस्ताक्षर करें तथा 100/– रुपए का मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि शुल्क का भुगतान अपेक्षित हो) संलग्न करें।**

घ) उम्मीदवारों के लिए **आवश्यक है कि वे ऑन–लाइन** आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) संगत प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (भारिबैंसबो) को साधारण डाक द्वारा भेजें। यदि उनके आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) विज्ञापन में उल्लिखित **अंतिम तारीख** तक बोर्ड को प्राप्त नहीं होगा तो **ऑन–लाइन** आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।

ड.) एक से अधिक बार आवेदन न भरें। अनुलिपि आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इन्हें रद्द कर दिया जाएगा।

च) **ऑन–लाइन आवेदन दिनांक 19 सितंबर 2011, अपराहन 11.59 बजे तक** भरे जा सकते हैं। इसके बाद लिंक डिसेबल हो जाएगा।

ii) **ऑफ–लाइन:** उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए आवेदन फार्मेट में ही आवेदन करें। यह अच्छी गुणवत्ता वाले सफेद ए4 कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ–साफ लिखा होना चाहिए। आवेदन में सभी कॉलम स्पष्ट रूप से लिखे अथवा टाइप होने चाहिए। अपूर्ण तथा अपाठ्य आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

iii) **ऑफ–लाइन** आवेदन अथवा **ऑन–लाइन** आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, संगत प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ **साधारण डाक** द्वारा ''**महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618, मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008'' पर भेजें।**

iv) **ऑफ–लाइन** आवेदन अथवा ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी), जो भी हो, बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बाक्स में भी डाल सकते हैं।

v) ऑफ–लाइन **आवेदन अथवा ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखें** अर्थात् आनीअवि के लिए मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड 'डी' के पद के लिए आवेदन अथवा सूप्रौवि के लिए डाटा केंद्रों मे मेनफ्रेम संसाधनों के प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक ग्रेड 'डी' के पद के लिए आवेदन अथवा सूप्रौवि के लिए नेटवर्क प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक ग्रेड 'डी' के पद के लिए आवेदन।

vi) **उम्मीदवार ऑन–लाइन (जिसके बाद ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट भी भेजें) अथवा ऑफ–लाइन में से केवल एक ही तरीके से आवेदन करें। दोनों तरीकों से आवेदन न करें। अनुलिपि आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।**

**9. अंतिम तारीख :**

(i) **ऑन–लाइन** आवेदन दिनांक **19 सितंबर 2011, अपराहन 11.59 बजे** तक सिस्टम के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं।

(ii) **ऑफ–लाइन** आवेदन अथवा **ऑन–लाइन** आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी), जो भी हो, बोर्ड कार्यालय में **दिनांक 26 सितंबर 2011, अपराहन 6.00 बजे** तक पहुंच जाना चाहिए।

(iii) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप–मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से केवल डाक द्वारा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 03 अक्तूबर 2011 अपराहन 6.00 बजे तक है। डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन के मामले में बढ़ाई गई समय–सीमा का लाभ नहीं मिलेगा।

(iv) आवेदन की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**10. आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जांच–सूची:**

(i) नीचे दिए गए आवेदन के प्रारुप का उपयोग आवेदन के रूप में नहीं किया जाए।

(ii) आवेदन निर्धारित प्रारुप के अनुरूप ही अच्छी गुणवत्ता वाले सफेद ए4 कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ–साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया (स्टेपल न हो) जाना चाहिए। उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन और फोटो पर हस्ताक्षर किए गए हों।

(iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता **केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखा जाए।**

(iv) आवेदन जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

**(v) उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि आवेदन ऑफ–लाइन या ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट बोर्ड कार्यालय में अंतिम तारीख तक पहुंच जाए। सिस्टम के माध्यम से ऑन–लाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बावजूद यदि इसका सिस्टम से प्राप्त हस्ताक्षरित प्रिंटआउट फोटो तथा संगत प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ अंतिम तारीख तक बोर्ड कार्यालय में नहीं पहुंचता है तो ऐसा ऑन–लाइन आवेदन वैध नहीं होगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।**

**(vi) आवेदन के साथ आयु, जाति, शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव के समर्थन में संगत प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों की प्रतियां अवश्य संलग्न करें।**

## भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

**(i) आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) में मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड 'डी' (ii) सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (सूप्रौवि) के लिए डाटा केंद्रों मे मेनफ्रेम संसाधनों के प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक (ग्रेड डी) तथा (iii) सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (सूप्रौ) के लिए नेटवर्क प्रबंधन के लिए उप महाप्रबंधक (ग्रेड डी) के पद के लिए आवेदन**

**विज्ञापन सं. 1ए /2011–12**

प्राप्ति सं.

(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

**आवेदित पद** ____________________

**1. पूरा नाम: (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में):**

____________________

पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरित नवीनतम फोटो चिपकाएं

**2. वर्ग:**

**क.** सामान्य के लिए **सामा.**/अनुसूचित जाति के लिए **अजा**/अनुसूचित जनजाति के लिए **अजजा**/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए **अपिव** लिखें। (**'क्रीमी लेयर'** के अंतर्गत आने वाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख **सामा.** के रूप में करना चाहिए।) यह कॉलम खाली न छोड़ें।

**ख. विकलांग** उम्मीदवार उपर्युक्त क में मुख्य श्रेणी के साथ–साथ अस्थि रूप से विकलांग के लिए **अ.वि.**, बधिर के लिए **बधिर** और दृष्टिहीन विकलांग के लिए **दृ.वि.** लिखें। **(अन्य उम्मीदवार इसे खाली छोड़ें)**

**3. लिंग: पुरूष के लिए (पु) स्त्री के लिए (स्त्री) लिखें :**

**4. जन्म तिथि:** दिन माह वर्ष

**5. आयु (दिनांक 01.08.2011 को):** ______ वर्ष ______ माह

**6. क. शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.08.2011 को )**
(पद हेतु विनिर्दिष्ट न्यूननतम अर्हता से प्रारंभ करते हुए)

| परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें) | मुख्य विषय | परिणाम की तारीख | विश्वविद्यालय/संस्थान | अंकों का समग्र % (दो दशमलव अंकों तक ) | श्रेणी/ डिवीजन |
|---|---|---|---|---|---|
| स्नातक | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | |

**ख. उच्चतर शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.08.2011को )**
(बॉक्स में एम.फिल/पीएच.डी, यदि हो, लिखें)

**7. क्यां आप भूतपूर्व सैनिक/जम्मू और कश्मीर के अधिवासी की श्रेणी/सरकारी कार्यालयों/ बैंकिंग संस्थाओं से छंटनी किए गए कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं ? हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें।**

**8. विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव (दिनांक 01.08.2011 को)**

| नियोक्ता का नाम और पता | पदनाम | कार्य का स्वरूप | अवधि | | कुल अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | वर्ष | माह |
| | | | | | | |

**9. परीक्षा शुल्क का विवरण :**

| अदाता बैंक/डाकघर का नाम | मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की संख्या | मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की तारीख | **राशि (रूपए)** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

**10. पत्राचार का पता: (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पिनकोड सहित – कृपया नाम न दोहराएं)**

**ई– मेल, यदि कोई:**

**टेलीफोन नं. (एसटीडी कोड के साथ)/मोबाइल नं.:**

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य , पूर्ण तथा सही हैं। मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य /गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंड़ों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं।

**स्थान:** **(आवेदक के हस्ताक्षर)**

**तारीख:** **नाम:**

**उम्मीदवारों द्वारा नोट किए जाने वाले अति महत्वपूर्ण बिन्दु : (i) आवेदन पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन को सभी प्रकार से पूरा भरें तथा संगत प्रमाणपत्रों की प्रतियां संलग्न करें। (ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा और बोर्ड द्वारा इस मामले में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।**